सुंदरपहाड़ी व ललमटिया में चावल वितरित

सुंदरपहाड़ी | एक संवाददाता

प्रखंड के 13 पंचायत मे दस किलो निशुल्क चावल प्रत्येक परिवार के बीच वितरण शुरु कर दिया गया है।

अंचलधिकारी सह बीडीओ सुमन कुमार सौरभ ने बताया कि जिसका कार्ड नहीं बना है और उन्होने कार्ड के लिए आवेदन किया है या सूची में उनका नाम है, वैसे परिवारों को भी दस किलो अनाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें 24 कर्मी 24 घंटा तैनात हैं।

हरकट्टा व भैसावरण में राशन का वितरणः प्रदान संस्था द्वारा रविवार को लॉकडाउन को देखते हुए जरूरतमंदों की सहायता हेतु ललमटिया क्षेत्र के दो गांव क्रमशः हरकट्टा व भैसावरण गांव के 34 परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदान संस्था के आशीष राज, अभिषेक कुमार, प्रभात प्रियांशु, आदित्य हांसदा प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधान संस्था के आशीष राज ने कहा कि बोआरीजोर प्रखंड के 1500 जरूरतमंदों के बीच राहत सामग्री वितरित की जाएगी। ललमटिया स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के निदेशक मौलाना मोइनुलहक फैजी ने 130 लोगों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण किया इस।

ललमटिया में रविवार को राशन वितरित करते बीडीओ व संस्था के लोग। • हिन्दुस्तान